On the behalf of President of India e-Tenders are invited by the CWM, Carriage Workshop, NWR, Jodhpur. **1. Name of Work with its Location :** Collection of material from Store depot and distribute to various shop store & Inter/Intra Shop materials Movement & Scrap Transportation in Carriage Workshop, NWR, Jodhpur. (24 Months) **2. Approximate Cost of work :** Rs. 37,067,244.48 (Rupees Three Crore Seventy Lakh Sixty-Seven Thousand Two Hundred Forty-Four and Forty-Eight Paise Only.) **3. Earnest Money to be deposited :** Rs. 741400.00 (Rupees Seven Lakh Forty-One Thousand Four Hundred Only.) **4. Last date and time for Submission of e-tender and Opening of e-tender : 14.10.2026** Up to 15:00 Hrs. and **14.10.2026** after 15:00 Hrs. **5. Web site from e-tender forms can be obtained : www.ireps.gov.in 6. Address of the NIT issuing Office. :** Office of the CWM, Carriage Workshop, NWR, Jodhpur-342001 (Rajasthan)

**1370-CQ/26**

Follow us on : /NWRailways NWRailways_



**NORTH WESTERN RAILWAY**

**E-TENDER NOTICE FOR Elect-Chg. WORK YEAR 2026-27**

**NIT No.: 26/2026-27-Elect/Chg**

**1. Name of work, location & Period :** Corrective Repair Annual Maintenance Contract of Electrical appliances in Pantry of LHB and VB coaches of Primary Maintenance Train over JU Division for a period of 02 years. **2. Approx. cost of the work :** Rs. 49,86,365.00/- **3. Earnest money to be deposited :** Rs. 99700.00/- **4. Date and time for submission of tender and opening of tender :** On **13.10.2026** till 15.00 hrs through E-tendering online submission on IREPS, Tender will be opened soon after. **5. website particular and notice board location where complete details of tender can be seen etc. : http://www.ireps.in** Sr Section Engineer (C&W) NWR, Jodhpur's notice board. **NOTE:** The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of **https://www.ireps.gov.in/**, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering.

**1363-CQ/26**

Follow us on : /NWRailways NWRailways_



**BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.**

H.O.:- DAIRY DEVELOPMENT COMPLEX, P.O. - BIHAR VETERINARY COLLEGE, PATNA-800014(BIHAR) Phone No- 2224083, 2228953,2228347, 2220387, Fax No-0612-2228306 E-Mail: purchasecomfed@gmail.com, Website: www.sudha.coop

**Tender No.: Comfed:Pur:253:5255** **Date: 23.09.2026**

**Notice Inviting Tender**
**(Through e-tendering mode only on website- www.eproc2.bihar.gov.in)**

**1.0 Name & address of advertiser:** Managing Director, Bihar State Milk Cooperative Federation Ltd. (COMFED), Dairy Development Complex, P.O. – B.V. College, Patna 800014. **2.0 Bid submission Start Date:** from 23.09.2026 (Wednesday) through above website. **3.0 Date & time of pre bid meeting:** 30.09.2026 (Wednesday) at 11.30 AM at COMFED HQ, Dairy Development Complex, P.O. – B.V. Patna-800014. **4.0 Bid submission End date & time by the bidders:** 14.10.2026 (Wednesday) up to 17.00 Hours on **www.eproc2.bihar.gov.in 5.0 Physical document submission End Date & Time as allowed in the tender Document.:** 16.10.2026 (Friday) up to 14.00 Hours at COMFED HQ, Dairy Development Complex, P.O. – B.V. College, Patna-800014. **6.0 Date, time & place of opening of Techno commercial bid (Bid Part 1) :** 16.10.2026 (Friday) at 14.30 Hours onwards on **www.eproc2.bihar.gov.in 7.0 Date & time of opening of price bid:** Date & time will be communicated later subsequent to approval of techno commercial bid. **Place - www.eproc2.bihar.gov.in 8.0 Validity:** 180 Days (One hundred eighty days) **9.0 Details of work:**

| Scope of work | Estimated Price/ Annum (Rs) | Cost of tender document (non-refundable) | Earnest money to be deposited (₹) | Bid processing fees to be paid through online (Non-refundable) |
|---|---|---|---|---|
| Procurement of sexed semen on ARC basis | 6.0 Lakh Doses | ₹ 10,000.00 | ₹12.0 Lakh | As per Beltron/Eproc2. |

**10.0 For participation in the above e- tender process, the bidders are required to get themselves registered as per details given at www.eproc2.bihar.gov.in so that the user ID, Password and digital signatures are issued to them. 11.0 Tender Document can be seen and purchased through web site www.eproc2.bihar.gov.in. 12.0 Any modification/amendment in tender will be notified on e-portal. The undersigned reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason.**

**Asst. General Manager (Mktg)**



**HAVELLS INDIA LIMITED**

**Regd. Off.** : 904, 9th Floor, Surya Kiran Building, K G Marg, Connaught Place, New Delhi - 110 001
**Corporate Off.** : QRG Towers, 2D, Sector - 126, Expressway, Noida (U.P.) - 201 304
**Tel.** # 0120-3331000, **Fax** # 0120-3332000, **web:** www.havells.com
**Email:** investors@havells.com, **CIN** - L31900DL1983PLC016304

**SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERALISATION (DEMAT) OF PHYSICAL SHARES**

This is in reference to the SEBI Circular dated 30th January 2026 regarding the aforementioned subject, vide which a Special Window is open from 5th February, 2026 to 4th February, 2027 for transfer and dematerialisation ("demat") of physical securities which were sold/ purchased prior to 1st April, 2019.

Kindly note that request(s) which are accompanied by original share certificate(s) along with transfer deed(s) and other supporting documents will only be considered under the Special Window.

The shares so transferred shall be mandatorily credited to the transferee(s) in their demat account only and shall be under lock-in for a period of 1 year from the date of registration of transfer. Such shares shall not be transferred/ lien-marked/ pledged during the said lock-in period.

Eligible shareholders can submit their request(s) to the Company's RTA viz. MUFG Intime India Private Limited within this window. The RTA can be contacted at Noble Heights, 1st Floor, Plot NH 2, C-1 Block, LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi – 110058. You can also call the RTA on 011-49411000 or email at Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com.

For further details, please refer to the subject SEBI Circular dated 30th January, 2026, which is also available at the Company's website www.havells.com in the SEBI Circulars section under Shareholders Corner of the Investors tab.

**For Havells India Limited**
**Sd/-**
**Sanjay Kumar Gupta**
**Company Secretary**
**Noida, September 23, 2026**

HAVELLS

## खबर कोना

### कोर्ट ने डीयू व उम्मीदवारों से विजय जुलूस निकालने को लेकर जवाब मांगा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें डूसू चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विजय जुलूस निकालने पर लगी न्यायिक रोक के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद, डूसू चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों ने विजय जुलूस निकाला, जो अदालत की अवमानना है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने डीयू और विजयी उम्मीदवारों से याचिका पर जवाब देने को कहा है।

डूसू चुनावों के दौरान 18 सितंबर को लिंगदोह समिति की सिफारिशों के कथित उल्लंघन से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि नतीजों की घोषणा के बाद उम्मीदवार, छात्र, समर्थक या कोई भी व्यक्ति विजय जुलूस नहीं निकाले।

### दिल्ली के सात नेताओं को मिली प्रभारी-सह प्रभारी की जिम्मेदारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली के सात वरिष्ठ नेताओं को देश के अलग अलग राज्यों में संगठनात्मक प्रभारी और सह प्रभारी का दायित्व सौंपा है। मल्होत्रा ने कहा है कि यह हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के संगठनात्मक कौशल का परिणाम है कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिल्ली जैसे छोटे राज्य से सात नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर दायित्व दिया है। दिल्ली भाजपा ने अंडमान एंड निकोबार का प्रभारी जय प्रकाश (जेपी), लद्दाख का प्रभारी राजकुमार भाटिया, गुजरात का सह-प्रभारी अजय महावर, महाराष्ट्र की सह-प्रभारी कमलजीत सहरावत, पंजाब का सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा, राजस्थान के सह-प्रभारी कुलजीत चहल और उत्तराखंड की सह-प्रभारी बांसुरी स्वराज को नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी हैं।

### छुट्टियों के दौरान चुनाव ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को मिलेगा अवकाश लाभ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली सरकार के स्कूलों के जो शिक्षक बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) के रूप में तैनात हैं और छुट्टियों या स्कूल के अवकाश के दौरान चुनाव संबंधी कार्य करते हैं, वे अब विशेष अर्जित अवकाश, छुट्टियों पर काम करने के बदले मिलने वाले अवकाश या अर्जित अवकाश के पात्र होंगे। शिक्षा निदेशालय द्वारा बुधवार को जारी एक परिपत्र में बीएलओ ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों के अवकाश संबंधी निर्देशों की जानकारी स्कूलों को दी गई। यह परिपत्र छुट्टियों की अवधि के दौरान चुनाव कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए अवकाश लाभ की मांग करने वाले शिक्षक संघों के ज्ञापनों के बाद जारी किया गया है। इस मामले को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा प्राप्त पत्रों के बाद उठाया गया था।

### दिल्ली चिड़ियाघर में बाहर से लाकर परिसर में काटे जा रहे जानवर

नई दिल्ली, 23 सितंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखी अपनी शिकायत में एक वन्यजीव कार्यकर्ता ने दावा किया है कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के मांसाहारी जीवों के खाने के लिए बिना आवश्यक अनुमति के जानवरों को बाहर से लाकर परिसर के भीतर ही काटा जा रहा है। उसने मांग की इस कथित गतिविधि और अन्य अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच की जाए। पीएमओ को इस महीने की शुरूआत में भेजी गई शिकायत में वन्यजीव कार्यकर्ता अजय दुबे ने आरोप लगाया, मांसाहारी जानवरों के लिए ताजे मांस की खरीद अधिकृत बूचड़खानों से सरकार द्वारा स्वीकृत निविदाओं के माध्यम से की जानी चाहिए थी, लेकिन सक्षम अधिकारियों की अनुमति के बिना पर 2024 से चिड़ियाघर परिसर के भीतर ही जानवरों को काटा जा रहा है।

### दुर्गा योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

# महिलाएं चलाएंगी गुलाबी ई-आटो

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।



**पहले** चरण में 1,300 गुलाबी इलेक्ट्रिक आटो किए जाएंगे आबंटित। **महिलाओं** को 1,170 और ट्रांसजेंडर लाभार्थियों को मिलेंगे 130 वाहन।

दिल्ली की सड़कों पर अब गुलाबी रंग के 'दुर्गा' ई-आटो नजर आएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को हुई दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक में महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा सुरक्षित और समावेशी सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'दुर्गा' ई-आटो योजना को मंजूरी दी गई।

योजना के पहले चरण में कुल 1,300 गुलाबी इलेक्ट्रिक आटो पंजीकृत किए जाएंगे। इनमें 1,170 आटो महिलाओं और 130 आटो ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। महिलाओं के लिए प्रत्येक राजस्व जिले में अधिकतम 90 और ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए अधिकतम 10 ई-आटो की सीमा तय की गई है। इच्छुक आवेदक निर्धारित पात्रता पूरी करने के बाद योजना के लिए बनाए गए समर्पित आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के अंतर्गत महिलाएं और ट्रांसजेंडर आटो के मालिक और चालक बन सकेंगे। इससे एक ओर उन्हें सम्मानजनक स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुलभ और समावेशी बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और ट्रांसजेंडर यात्रियों को विशेष रूप से सुबह के शुरुआती घंटों और देर शाम के समय आवागमन तथा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। दुर्गा योजना को इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

दुर्गा योजना में महिलाओं के लिए 20 से 40 वर्ष की आयु, दिल्ली का निवासी होना, वैध मतदाता पहचान पत्र, एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस और पीएसवी बैज जैसी शर्तें रखी गई हैं। तीन से अधिक बच्चों वाली महिला इस योजना की पात्र नहीं मानी जाएगी। महिला आवेदक या उसके परिवार के पास कोई पंजीकृत परिवहन वाहन या तिपाहिया वाहन नहीं होना चाहिए तथा वित्त वर्ष 2025-26 में परिवार की आय पांच लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। ट्रांसजेंडर आवेदकों के लिए दिल्ली के जिलाधिकारी कार्यालय से जारी वैध ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र के साथ दूसरे सभी निर्धारित दस्तावेज होना अनिवार्य है।

इस योजना के तहत ई-आटो पर तीन वर्ष की अनिवार्य लाक-इन अवधि होगी। इस दौरान वाहन को बेचा, हस्तांतरित या अन्य तरीके से निस्तारित नहीं किया जा सकेगा। योजना को सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ने के लिए भी विशेष व्यवस्था प्रस्तावित है। डीएमआरसी ने बताया है कि 70 मेट्रो स्टेशनों की पार्किंग में पहले से ही ईवी चार्जिंग सुविधाओं के लिए स्थान उपलब्ध कराया जा चुका है। यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े सहायक क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। योजना के तहत चलने वाले इलेक्ट्रिक आटो पर दुर्गा ब्रैंडिंग और पहचान संबंधी विशेषताएं होंगी।

### एक महीने में 4,100 किलो से अधिक मिलावटी खोया-पनीर नष्ट किया

नई दिल्ली, 23 सितंबर (संवाददाता)।

दिल्ली के खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक महीने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी की अलग-अलग मंडियों में 4100 किलोग्राम मिलावटी खोया व पनीर नष्ट किया है और संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्रवाई शुरू की है।

विभाग के मुताबिक, प्रवर्तन अभियान के दौरान टीम ने मोरी गेट खोया मंडी से खोया के 30 नमूने उठाए थे, जिसमें से 22 नमूने मानव उपभोग के लिए असुरक्षित पाए गए और निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। इसी तरह पनीर और छेना के अब तक उठाए गए 19 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिसमें से केवल सात नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 12 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य त्योहारों के दौरान दिल्लीवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

### दिल्ली पुनरीक्षण को लेकर आंकड़े जारी

## तीन लाख से ज्यादा ने मतदाता बनने के लिए किया आवेदन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के बीच नए मतदाता बनने के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 22 सितंबर तक राजधानी में 3.19 लाख से अधिक लोगों ने फार्म-6 के जरिए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन किया है।

नए मतदाता बनने के मामले में पश्चिमी जिला सबसे आगे है। इसके अलावा छह अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी जिले में 30 अगस्त तक 28,820 और 31 अगस्त से 22 सितंबर के बीच 13,364 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह जिले में अब तक कुल 42,184 आवेदन आए हैं। दक्षिण-पूर्वी जिले में 35,178, उत्तर-पूर्वी में 34,398 और उत्तर-पश्चिमी जिले में 32,770 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पूर्वी जिले में 31,949, दक्षिण-पश्चिमी में 28,867 और दक्षिण जिले में 25,832 लोगों ने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया है। 13 जिलों में नई दिल्ली जिला ऐसा है, जहां अब तक सबसे कम 4,317 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सितंबर के पहले 22 दिनों में ही नए मतदाता बनने के लिए 1,06,937 आवेदन सीईओ कार्यालय में जमा किए गए हैं। दिल्ली की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रवासी भारतीयों (एनआरआइ) की ओर से भी 1,554 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें दक्षिण-पूर्वी, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिमी, पूर्वी और पश्चिमी जिलों से अधिक आवेदन आए हैं।

**53 हजार से ज्यादा ने नाम हटाने के लिए भरा फार्म-7**

पुनरीक्षण के दौरान ऐसे मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जो दिल्ली से बाहर चले गए हैं या किसी अन्य स्थान पर मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। ऐसे मामलों में अब तक 53,245 फार्म-7 जमा किए जा चुके हैं। इन आवेदनों पर 30 सितंबर के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नाम हटाने के लिए सबसे ज्यादा 15,008 आवेदन दक्षिण-पूर्वी जिले से प्राप्त हुए हैं। इनमें 30 अगस्त तक 14,659 आवेदन और इसके बाद 22 सितंबर तक 349 आवेदन मिले। इसके अलावा उत्तरी जिले में 11,687 और पश्चिमी जिले में 9,079 आवेदन आए हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर अपना नाम शामिल कराने के लिए दावा कर सकते हैं। इसके लिए आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नाम शामिल करने के दावे और आपत्तियां 30 सितंबर तक दर्ज कराई जा सकती हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए 27 सितंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रखी आधारशिला

## पूर्वी दिल्ली में बनेंगे तीन उपरिगामी पैदल पुल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

**गांधी** नगर, लक्ष्मी नगर वालों को होगा फायदा, भजनपुरा गढ़ी मेंडू में एक एफओबी बनाने की योजना।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बुधवार को पूर्वी दिल्ली में दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेसवे (एनएच-709बी) पर दो उपरिगामी पैदल पुलों (एफओबी) के निर्माण की आधारशिला रखी।

यह एफओबी गीता कालोनी/गांधी नगर और रमेश पार्क/लक्ष्मी नगर में बनेंगे। इन दो एफओबी के अतिरिक्त भजनपुरा, गढ़ी मेंडू के पास एक और पैदल पुल की मंजूरी दी गई है। तीनों एफओबी के निर्माण की पर 12.8 करोड़ रुपए की लागत आएगी। दोनों एफओबी में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे पैदल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समर्पित क्रासिंग की सुविधा मिलेगी।

इससे पैदल यात्रियों और वाहनों के बीच टकराव की संभावनाएं कम होंगी तथा वाहनों का आवागमन भी निर्बाध रूप से जारी रहेगा। मल्होत्रा ने कहा कि यह पहल लोगों के जीवन को सुगम बनाने और सुरक्षित आवागमन को सीधे तौर पर बेहतर बनाने का काम करेगी। खासकर पूर्वी दिल्ली के निवासियों के लिए पैदल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और दैनिक आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे का दिल्ली वाला हिस्सा घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है तथा प्रमुख आवासीय, व्यावसायिक और स्थानीय आवागमन वाले क्षेत्रों को जोड़ता है।

इस अवसर पर गांधी नगर के विधायक अरविंदर सिंह लवली, लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा, कृष्णा नगर विधायक अनिल गोयल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल, स्थानीय निगम पार्षद संदीप कपूर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




**विरोध** नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### वकीलों के विरोध के बाद नई चालान व्यवस्था पर रोक

नई दिल्ली, 23 सितंबर (संवाददाता)।

दिल्ली में यातायात चालानों के निपटारे की प्रस्तावित नई व्यवस्था को लेकर वकीलों के विरोध के बाद दिल्ली सरकार ने फिलहाल इसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री, कानून मंत्री और परिवहन मंत्री के साथ सभी जिला अदालतों की बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति के प्रतिनिधियों की विस्तृत बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।

सरकार ने भरोसा दिलाया कि सभी संबंधित पक्ष किसी ठोस समाधान पर नहीं पहुंचते, तब तक 14 सितंबर को जारी अधिसूचना को लागू नहीं किया जाएगा। सरकार के इस आश्वासन के बाद वकीलों ने प्रस्तावित हड़ताल और उपराज्यपाल के आवास तक विरोध मार्च का फैसला वापस ले लिया।

## ज्ञानेश कुमार पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाए : अरविंद केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मांग की कि मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की पूरी प्रक्रिया रद्द की जाए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार कर उनपर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाया जाए।



इसके अलावा उन्होंने हाल में विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को रद्द करने की मांग करते हुए दोबारा चुनाव करवाने की मांग की। केजरीवाल ने इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर का हवाला देते हुए दावा किया कि कुमार निर्वाचन आयोग को अपने स्तर पर चला रहे हैं, जिससे देशभर में की जा रही एसआइआर की पूरी प्रक्रिया अवैध हो गई है। आप प्रमुख ने कहा, इसलिए आज हम मांग करते हैं कि पूरी एसआइआर प्रक्रिया रद्द की जाए। एसआइआर के तहत किए गए सभी बदलाव रद्द किए जाएं और तीन साल पहले की मतदाता सूची बहाल की जाए।

उन्होंने कहा कि कुमार को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया कि इंडियन एक्सप्रेस की खबर के अनुसार, कुमार पिछले कुछ वर्षों से निर्वाचन आयोग को अपने स्तर पर चला रहे हैं।

## तीनों निकायों को 1,850 करोड़ की दूसरी किस्त जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली सरकार के तीनों नगर निकायों-नगर निगम दिल्ली (एमसीडी), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) के लिए कुल 1850.66 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त जारी कर दी है। इस बात की जानकारी शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दी।

सूद ने बताया कि निकायों को राशि भुगतान के लिए सहमति 21 सितंबर को प्रदान कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल बजट आबंटन 3,701.32 करोड़ रुपए किया गया है। चरणबद्ध तरीके से जारी होने वाली राशि की पहली किस्त 25 फीसद यानी 925.33 करोड़ रुपए पहले (अप्रैल-जून 2026) ही जारी किए जा चुके हैं। दूसरी किस्त 50 फीसद यानी 1,850.66 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के बाद (जुलाई-दिसंबर 2026) जारी कर दिए गए हैं। वहीं, शेष 25 फीसद राशि का 925.33 करोड़ रुपए अंतिम चरण (जनवरी-मार्च 2027) में जारी किया जाएगा। एमसीडी को अकेले निधि वितरण की दूसरी किस्त के रूप में 1,820.40 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। जबकि, एनडीएमसी को 17.95 करोड़ रुपए और दिल्ली छावनी बोर्ड को 12.31 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

## किशोर की चाकू मारकर हत्या, तीन आरोपी पकड़े गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में राह चलते महज एक-दूसरे से टकराने के बाद हुई कहासुनी के दौरान 17 साल किशोर की चाकू से हमला करके हत्या कर दी गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले में सात घंटे के अंदर दो नाबालिगों समेत तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, वयस्क आरोपी की पहचान आनंद पर्वत निवासी तुषार (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात 8:30 बजे आनंद पर्वत थाने में किशोर को चाकू मारे जाने के संबंध में सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घायल किशोर को जीवन माला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हैवेल्स इंडिया लिमिटेड
रजि. ऑफिस: 904, 9वीं मंजिल, सूर्या किरन बिल्डिंग, के.जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110 001
कॉर्पोरेट ऑफिस: क्यूआरजी टॉवर्स, 2डी, सेक्टर-126, एक्सप्रेसवे, नोएडा-201 304 (उत्तर प्रदेश)
फोन: # 0120-3331000, फैक्स: # 0120-3332000, वेब: www.havells.com
ई-मेल: investors@havells.com, CIN-L31900DL1983PLC016304

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटेरियलाइजेशन (डीमैट) के लिए विशेष विंडो

यह उपरोक्त विषय से संबंधित SEBI के दिनांक 30 जनवरी, 2026 के परिपत्र के संदर्भ में है, जिसके तहत 1 अप्रैल, 2019 से पहले बेचे/खरीदे गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटेरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक विशेष विंडो खुली है।

कृपया ध्यान दें कि इस विशेष विंडो के तहत केवल मूल शेयर प्रमाणपत्रों, हस्तांतरण विलेखों और अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत अनुरोधों पर ही विचार किया जाएगा।

इस प्रकार हस्तांतरित शेयर अनिवार्य रूप से हस्तांतरिती के डीमैट खाते में ही जमा किए जाएंगे और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन अवधि में रहेंगे। उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान ऐसे शेयरों को हस्तांतरित/गिरवी नहीं रखा जा सकेगा।

पात्र शेयरधारक इस समयावधि के भीतर कंपनी के RTA यानी MUFG इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अपना अनुरोध भेज सकते हैं। RTA से नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट एनएच 2, सी-1 ब्लॉक, LSC, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 पर संपर्क किया जा सकता है। आप RTA को 011-49411000 पर कॉल भी कर सकते हैं या Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया 30 जनवरी, 2026 के SEBI परिपत्र का संदर्भ लें, जो कंपनी की वेबसाइट www.havells.com पर Investors टैब के Shareholders Corner के अंतर्गत SEBI Circulars अनुभाग में भी उपलब्ध है।

कृते हैवेल्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
संजय कुमार गुप्ता
कंपनी सचिव
नोएडा, 23 सितंबर, 2026

HAVELLS

**सख्ती** शालीमार बाग में एमसीडी की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई

## मस्जिद का हिस्सा भी गिराया, भारी पुलिस बल तैनात

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 सितंबर।

राजधानी के शालीमार बाग इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने देर रात एक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया, जिसमें एक प्रमुख अस्पताल के पास सड़क किनारे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, एमसीडी की यह कार्रवाई एक सड़क चौड़ीकरण परियोजना का हिस्सा है। इस मार्ग पर



पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा चुकी है और मंगलवार रात के अभियान में सड़क पर बचे हुए अवैध ढांचों को हटाया गया, जिसमें एक धार्मिक स्थल और कुछ आसपास के मकान शामिल हैं। इस कार्रवाई के तहत वहां मौजूद मदीना मस्जिद का कथित तौर पर एक अवैध हिस्सा भी गिराया गया, इसका स्थानीय लोगों और मुसलिम समुदाय की ओर से कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रात के समय की गई इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात था।

सड़क के दोनों ओर अवैध निर्माण को हटाने के लिए जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। कुछ स्थानीय निवासियों ने कहा कि उन्हें इस तोड़फोड़ की कार्रवाई के संबंध में पहले ही नोटिस तामील करा दिया गया था, हालांकि वे स्वतंत्र रूप से इस नोटिस की समयसीमा या तरीके की पुष्टि नहीं कर सके।

**कार्रवाई ने सांप्रदायिक चेहरा बेनकाब किया : जमाअत**

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान ने शालीमार बाग में मदीना मस्जिद और उससे जुड़ी इमारतों को देर रात गिराए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई ने दिल्ली नगर निगम का सांप्रदायिक चेहरा बेनकाब किया है। जमाअत के उपाध्यक्ष ने इस कार्रवाई की पारदर्शी जांच की मांग की, क्योंकि मस्जिद को लेकर कानूनी प्रक्रिया जारी थी।